# पर्यटन अध्ययन

## सीटीएस

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2014)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# सीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ. सोनिया शर्मा
कार्यक्रम संयोजक, सीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तारीख | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तारीख |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2014 | अक्तूबर 15, 2014 |
| टीएस–2 | अप्रैल 15, 2014 | अक्तूबर 15, 2014 |

# टीएस–1: पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः टीएस–1 | कार्यक्रमः सीटीएस
कुल अंकः 100 | सत्रीय कार्य कोडः टीएस–1/टीएमए/2014

नोटः इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग I में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।

भाग II में आठ प्रश्न हैं। किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

## भाग – I

1. पर्यटन को परिभाषित कीजिए। पर्यटन का क्या उद्देश्य है? 25

अथवा

2. सेवा–उत्पाद के लक्षणों पर चर्चा कीजिए। 25

## भाग–II

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियॉ लिखिए– (5X3) = 15
   क) वैकल्पिक पर्यटन
   ख) सतत् पर्यटन/स्थायी पर्यटन
   ग) विशेष –रुचि पर्यटन

2. भव्य–यात्रा से आप क्या समझते हैं? भव्य यात्रा के लक्षणों पर चर्चा कीजिए। 15

3. पर्यटन उद्योग के प्राथमिक एवं द्वितीयक घटकों पर विचार कीजिए। 15

4. पर्यटक – निवास को परिभाषित कीजिए। विभिन्न प्रकार के निवासों की चर्चा किजिए। 15

5. विपणन से आप क्या समझतें हैं? विपणन के 4 PS की चर्चा कीजिए। 15

6. पर्यटन के लिए लेखन से आप क्या समझतें हैं? पर्यटन–लेखन की विशेषताओं पर विचार कीजिए। 15

7. पर्यटन के विकास में स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार कीजिए। 15

8. पर्यटन में गुणक–प्रभाव से आप क्या समझते हैं? पर्यटन द्वारा किस तरह के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित किए जाते हैं। 15

# टीएस 2 : पर्यटन विकासः उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन

(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः टीएस–2 कार्यक्रमः सीटीएस
कुल अंकः 100 सत्रीय कार्य कोडः टीएस–2/टीएमए/2014

नोटः इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग I में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।

भाग II में आठ प्रश्न हैं। किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

## भाग – I

1. पर्यटकों की प्रोफाइलिंग से आप क्या समझते हैं।भारत की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों के प्रोफाइल पर विचार कीजिए। 25

अथवा

2. देश के प्रमुख मौसमी त्योहारों पर प्रकाश डालिए। ये त्योहार किस तरह से पर्यटन उद्योग को संबल देते है? व्याख्या कीजिए। 25

---

## भाग– II

1. ''अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन के क्षेत्रीय वितरण से आप क्या समझते है''? भविष्य में सर्वाधिक विकासशील श्रेत्र के बारे में यू.एन.डब्यू. टी.ओ. (UNWTO) के अनुमानों पर अर्न्तदृष्टि डालिए। 15

2. एक मार्गदर्शक के रूप में आप अपनी पसंद के किसी स्मारक का वर्णन विदेशी पर्यटकों के एक समूह से किस प्रकार करेंगे? 15

3. पर्यटन हेतु व्यवसायिक शहरों के महत्व पर विचार कीजिए। समुचित उदाहरण भी दीजिए। 15

4. रोमांच एवं खेलों का उपयोग पर्यटक–आकर्षण की तरह से कैसे किया जा सकता है? 15

5. ''घरेलू पर्यटन में तीर्थयात्रा एक बहुत बड़ा घटक है'' समीक्षा कीजिए। 15

6. पर्यटन उद्योग में प्रचार–प्रसार की गतिविधियॉ किस तरह से आयोजित की जाती हैं? समुचित उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 15

7. यूरोप से पर्यटक यातायात की प्रवृत्तियों का परीक्षण कीजिए। यूरोपीय पर्यटक–बाजार की कुछ प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 15

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर लगभग 250–250 शब्दों में टिप्पणी लिखिए। (7.5X2) =15
   क) मेहमान–मेजबान सम्बन्ध
   ख) पर्वतीय–मार्गदर्शक
   ग) राजमार्ग सेवाएँ